**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ करार

## विद्युत, स्वचालन, ऊर्जा प्रबंधन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम



*कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में डिजिटल प्लेटफार्म पर एमओयू हस्तांतरण करते हुए कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग।(छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 24 नवम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद दक्षता और स्थिरता के लिए ऊर्जा और स्वचालन डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक का प्रशिक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में भागीदार बन गया है। विश्वविद्यालय ने विद्युत, स्वचालन, ऊर्जा प्रबंधन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और इसके संबंधित क्षेत्रों में विश्व स्तरीय बुनियादी संरचना और सुविधाओं के विस्तार के लिए श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ एक समझौता किया है।

डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित समझौता हस्तांतरण समारोह में कुलपति प्रो दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्षा प्रो. पूनम सिंघल एवं अन्य संकाय सदस्य, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली, और श्नाइडर इलेक्ट्रिक के महाप्रबंधक-शिक्षा एवं प्रशिक्षण साई कृष्णा राव मौजूद रहे।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुकूल तकनीकी कौशल प्रदान करने और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार के अवसरों के लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी औद्योगिक आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी।

साई कृष्णा राव ने कहा कि श्नाइडर इलेक्ट्रिक द्वारा विश्वविद्यालय के साथ सहभागिता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सफल समापन पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों को प्रमाणित किया जायेगा।

प्रो. पूनम सिंघल ने अवगत कराया कि श्नाइडर इलेक्ट्रिक विश्वविद्यालय को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को स्थापित करने और पाठ्यक्रम तथा पाठ्यक्रम सामग्री को डिजाइन करने में मदद करेगा, जोकि विद्युत तथा स्वचालन एवं ऊर्जा प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में उद्योग की बढ़ती मांग के अनुरूप होगा।

**फैकल्टी डेवलेपमेंट कार्यक्रम शुरू:** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वर्ष 2020 के बाद माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक के लिए उपकरणों का टीसीएडी सिमुलेशन विषय पर एक सप्ताह का ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम टीईक्यूआईपी-3 के तहत प्रायोजित है।

एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च के चांसलर डॉ. चंद्र शेखर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। सीईईआरआई पिलानी के पूर्व निदेशक डॉ. राज सिंह, नैना सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. अनिल कुमार और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. बी प्रसाद सत्र के आमंत्रित वक्ताओं में शामिल रहे। सत्र को कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन एफईटी प्रो. एम.एल. अग्रवाल और इलेक्ट्रॉनिक्स की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम तुर्क ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में डॉ. चंद्र शेखर ने माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक के नवीनतम रुझानों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले प्रो नीलम तुर्क ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. एम. एल. अग्रवाल ने विषय के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की समन्वयक सुश्री रश्मि चावला ने बताया कि कार्यक्रम में एनआईटी हमीरपुर, बिड़ला विश्वकर्मा महाविधालय गुजरात, दीनबन्धु छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार, उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विवि लखनऊ, एमआरआईएस विश्वविद्यालय, अभिलाषी विश्वविद्यालय मंडी, आईआईएमटी नोएडा, राज्य इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान नीलोखेड़ी, एमिटी विश्वविद्यालय से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सत्र का समापन कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed,25 November 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

## THE TRIBUNE

### MoU FOR CONSTRUCTION TECHNOLOGY

**Faridabad:** In order to provide construction investigation and laboratory testing facilities and consultancy to various civil engineering projects, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, has signed an MoU with MAB Civil Technologies and Consultants Private Limited. The collaboration will help the university in developing an ecosystem to generate its own resources through consultancy. The MoU was signed by university Registrar SK Garg and HP Gupta from MAB Civil Technologies and Consultants Private Limited, in the presence of Vice Chancellor Prof Dinesh Kumar. The VC urged the faculty of civil Engineering to chalk out the layout design and physical structure planning for the extension campus of the university, which would be developed on the Faridabad-Gurugram road near Bhakri village here.

The Tribune Wed, 25 November 202
https://epaper.tribu

## THE TRIBUNE

### JC BOSE VARSITY INKS PACT

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA has become the training and education partner with Schneider Electric, a French multinational company providing energy and automation digital solutions for efficiency and sustainability. The university has signed an MoU with Schneider Electric to establish world-class infrastructure pertaining to electrical, automation, energy management and renewable energy and its associated areas. Vice Chancellor Dinesh Kumar said the tie-up would not only provide industry-specific technical skills to the students but would also enhance their employability. He said the university was promoting such industry-academia partnerships to fill the skill gap required for employment by providing them with a holistic and job-centric learning environment.

The Tribune Wed, 25 November 2020
https://epaper.tribunei

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय का विदेशी कंपनी से करार

## समझौता

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने दक्षता और स्थिरता के लिए ऊर्जा और स्वचालन डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ समझौता किया है।

विश्वविद्यालय ने विद्युत, स्वचालन, ऊर्जा प्रबंधन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और इसके संबंधित क्षेत्रों में विश्व स्तरीय बुनियादी संरचना और सुविधाओं के विस्तार के लिए मंगलवार को ये करार किया।

डिजिटल प्लेटफार्म पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंघल, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली और श्नाइडर इलेक्ट्रिक के महाप्रबंधक-शिक्षा एवं प्रशिक्षण साई कृष्णा राव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को औद्योगिक जरूरतों के अनुकूल तकनीकी कौशल मिलेगा।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में 28 को काउंसलिंग

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में आर्ट्स विषयों के मास्टर डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 28 नवंबर को ओपन काउंसलिंग आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

**अंग्रेजी में 35 सीट उपलब्ध :** इस काउंसलिंग में दाखिले का मौका ऐसे छात्रों को भी मिलेगा जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है। विश्वविद्यालय की ओर से एमए के पाठ्यक्रम जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में 30 और अंग्रेजी विषयों में 35 सीट हैं। जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में

## ऐलान

- फीस और दाखिले की जानकारी संस्थान की वेबसाइट से मिलेगी
- पहले आवेदन न करने वालों को भी अवसर दिया जाएगा

छात्रों को मीडिया के विभिन्न रूपों का तकनीकी तथा विश्लेषात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

**कई क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिलेंगे :** इसमें समाचार पत्रों, रेडियो, टेलीविजन, फिल्मों आदि सहित विभन्नि प्रकार के जन माध्यमों का अध्ययन शामिल है। यह कोर्स विद्यार्थियों को पत्रकारिता, विज्ञापन, इवेंट मैनेजमेंट, जनसंपर्क और डिजिटल मीडिया जैसे विभिन्न मीडिया व्यवसायों में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में मदद करता है। पाठ्यक्रम ऐसे विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है जो अनुसंधान के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

**कई तरह के पाठ्यक्रम हैं :** विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि एमए अंग्रेजी पाठ्यक्रम में ग्राफिक उपन्यास लेखन, यूरोप में दृश्य कला और रचनात्मक लेखन जैसे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की एक पूरी श्रृंखला है। पाठ्यक्रम, फीस एवं दाखिला संबंधी जानकारी विश्विद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने किया श्नाइडर इलेक्ट्रिक से समझौता

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। विद्युत, स्वचालन, ऊर्जा व इससे संबंधित क्षेत्रों में छात्रों का कौशल बढ़ाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने फ्रांसिसी बहुराष्ट्रीय कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ अहम समझौता किया है।

डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित समझौता हस्तांतरण समारोह में कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरुप रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा दे रहा है। यह साझेदारी औद्योगिक आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। श्नाइडर इलेक्ट्रिक के महाप्रबंधक (शिक्षा एवं प्रशिक्षण) साई कृष्णा राव ने कहा कि विश्वविद्यालय के साथ सहभागिता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सफल समापन पर प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों को प्रमाणित भी किया जाएगा। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर पूनमने कहा कि अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं को स्थापित करने और पाठ्यक्रम तथा सामग्री को डिजाइन में मदद करेगा, विद्युत तथा स्वचालन व ऊर्जा प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में उद्योग की बढ़ती मांग के अनुरूप होगा।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी में फैकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम शुरू

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से 'वर्ष 2020 के बाद माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक के लिए उपकरणों का टीसीएडी सिमुलेशन' विषय पर एक सप्ताह का ऑनलाइन फैकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

अकैडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च के चांसलर डॉ. चंद्र शेखर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. चंद्र शेखर ने माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक के नवीनतम रुझानों के बारे में जानकारी दी।

■ कार्यक्रम में कई विश्वविद्यालयों के लोग ले रहे हैं हिस्सा

समन्वयक रश्मि चावला ने बताया कि एनआईटी हमीरपुर, बिड़ला विश्वकर्मा कॉलेज गुजरात, दीनबन्धु छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल, गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार, उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी यूनिवर्सिटी लखनऊ, एमआरआईएस यूनिवर्सिटी, अभिलाषी यूनिवर्सिटी मंडी, आईआईएमटी नोएडा, राज्य इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थान नीलोखेड़ी, एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. राज सिंह, डॉ. सुनील कुमार गर्ग, प्रफेसर एमएल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी ने कंपनी से किया समझौता

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने विद्युत, स्वचालन, ऊर्जा प्रबंधन व नवीकरणीय ऊर्जा और इसके संबंधित क्षेत्रों में विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए फ्रांसीसी कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ एक समझौता किया है। डिजिटल प्लैटफॉर्म पर आयोजित समझौता हस्तांतरण समारोह में कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्षा प्रफेसर पूनम सिंघल मौजूद रहीं।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2020**

**THE PIONEER**

# फैकल्टी डेवलेपमेंट कार्यक्रम शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'वर्ष 2020 के बाद माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक के लिए उपकरणों का टीसीएडी सिमुलेशन' विषय पर एक सप्ताह का ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम टीईक्यूआईपी-3 के तहत प्रायोजित है। एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च के चांसलर डॉ. चंद्र शेखर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। सीईईआरआई पिलानी के पूर्व निदेशक डॉ. राज सिंह, नैना सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. अनिल कुमार और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. बी प्रसाद सत्र के आमंत्रित वक्ताओं में शामिल रहे। सत्र को कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन एफईटी प्रो. एम.एल. अग्रवाल और इलेक्ट्रॉनिक्स की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम तुर्क ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।